2 जून, 2023

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन रीजन ऑफ पील के खत्म होने के बारे में 8 जून को टेली टाउन हॉल आयोजित करेगी

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, निवासियों और कारोबारियों को 8 जून को टेली टाउन हॉल (Tele Town Hall) से जुड़ने के लिए आमंत्रित करती है, जहां ओनटैरियो सरकार के 2025 में रीजन ऑफ पील (Region of Peel) को खत्म करने के फैसले और इस बारे में चर्चा होगी कि ब्रैम्पटन के लिए उचित ढंग से खत्म होने का क्या अर्थ है।

काउंसिल के मेम्बर और सिटी का स्टाफ, खत्म होने की प्रक्रिया के बारे में ब्रैम्पटन के निवासियों से सुझाव लेना चाहता है, जो प्रांत में और जल्दी ही घोषणा किए जाने वाले ट्रांजिशन बोर्ड (Transition Board) में भविष्य की हिमायत के बारे में ब्रैम्पटन की पोजीशन बताएंगे।

18 मई, 2023 को, ओनटैरियो प्रांत ने बिल 112 – द हेज़ल मैकेलियन एक्ट (पील डिजोलूशन), 2023 (Bill 112 - The Hazel McCallion Act (Peel Dissolution), 2023) पेश किया था, जिसका उद्देश्य ब्रैम्पटन, कैलडन (Caledon) और मिसीसागा (Mississauga) को सिंगल-टियर म्युनिसिपल्टीज के तौर पर पेश करना और 1 जनवरी, 2025 तक रीजन ऑफ पील को खत्म करना है।

सिटी उजागर करेगी कि ब्रैम्पटन के निवासयों ने कैसे, 1974 से रीजन ऑफ पील के द्वारा, मिसीसागा की वृद्धि में सहायता की और उन लागतों और खर्चों का सार पेश करेगी, जो सिटी को उम्मीद है कि खत्म होने की प्रक्रिया के बाद वापस होंगे।

टेली टाउन हॉल में शामिल होने वालों की मेजबानी, मेयर पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown) द्वारा की जाएगी और इनमें शामिल हैं:

- माइकल पलेशी (Michael Palleschi), चेयर, प्लानिंग एंड डिवेल्पमेंट; रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 2 और 6
- मार्लोन कैलीडीन (Marlon Kallideen), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
- स्टीव गैनेश (Steve Ganesh), कमिशनर, प्लानिंग बिल्डिंग एंड ग्रोथ मैनेजमेंट, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
- नैश डैमेर (Nash Damer), ट्रैजर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन

तारीख याद रखें – रीजन ऑफ पील के खत्म होने पर सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का टेली टाउन हॉल

वीरवार, 8 जून

रात 8 बजे से 9:30 बजे तक

फोन द्वारा हिस्सा लें

भागीदारी की पुष्टि करने और 8 जून की शाम को फोन कॉल प्राप्त करने के लिए, लेटस कनेक्ट ब्रैम्पटन (Let's Connect Brampton) पर रजिस्टर करें।

ऑनलाइन जुड़ें

निवासी, उस रात को ऑनलाइन भी सुन (listen online) सकते हैं।

-30-

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca